आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 सोमवार 30.09.2024

मुख्य समाचारः–

1– केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने छत्तीसगढ़ में राजमार्ग परियोजनाओं के लिए ग्यारह हजार करोड़ रुपये की स्वीकृति दी।

2– छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने राज्य सेवा मुख्य परीक्षा–दो हजार तेईस के परिणाम घोषित कर दिए हैं।

3– राज्य सरकार ने विभिन्न विभागों के तीन हजार सात सौ से अधिक पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी है।

4– मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान दक्षिण छत्तीसगढ में भारी बारिश होने की चेतावनी दी।

केन्द्रीय मंत्री–स्वीकृति

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने छत्तीसगढ़ में राजमार्ग परियोजनाओं के लिए ग्यारह हजार करोड़ रुपये की स्वीकृति दी है। इस राशि से राज्य में चार प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्गों का विकास किया जाएगा। ये परियोजनाएं हैं – उरगा–कोरबा कटघोरा रिंगरोड, बसना से सारंगढ़ रोड, सारंगढ़ से रायगढ़ रोड और रायपुर–लखनादौन इकोनॉमिक कॉरीडोर। इन परियोजनाओं से राज्य में सड़कों के बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी और परिवहन की सुविधाएं बेहतर होंगी।

आज नई दिल्ली में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ समीक्षा बैठक के दौरान केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने राशि स्वीकृत किए जाने पर केंद्रीय मंत्री का आभार व्यक्त किया और कहा कि इन परियोजनाओं से राज्य के आर्थिक और सामाजिक विकास को नई गति मिलेगी।

सीजीपीएससी–परिणाम

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने राज्य सेवा मुख्य परीक्षा–दो हजार तेईस के परिणाम घोषित कर दिए हैं। इस परीक्षा में तीन हजार पांच सौ संतानवे उम्मीदवार शामिल हुए थे, जिनमें से सात सौ तीन अभ्यर्थियों का चयन साक्षात्कार के लिए हुआ है। परीक्षा परिणाम आयोग की वेबसाईट पर अपलोड कर दिए गए हैं।

अभ्यर्थियों को अपने साक्षात्कार से एक दिन पहले मूल दस्तावेज सत्यापन के लिए छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग में उपस्थित होना होगा। जिन अभ्यर्थियों द्वारा साक्षात्कार से एक दिन पहले दस्तावेज सत्यापन नहीं कराया जायेगा, उन्हें साक्षात्कार में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जायेगी। अभ्यर्थियों के साक्षात्कार की तिथि और विस्तृत जानकारी आयोग की वेबसाईट पर जारी की जाएगी।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने पिछले साल दो हजार तेईस में सत्रह विभिन्न सेवाओं के दो सौ बयालीस पदों में भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया था। जिसकी प्रारंभिक परीक्षा ग्यारह फरवरी दो हजार चौबीस को आयोजित की गई थी। इस परीक्षा में एक लाख अंठावन हजार से ज्यादा अभ्यर्थी शामिल हुए थे।

भर्ती–प्रक्रिया

राज्य सरकार ने विभिन्न विभागों के तीन हजार सात सौ से अधिक पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर वित्त विभाग ने अब तक लगभग आठ विभागों में भर्ती के लिए अपनी मंजूरी दी है। इसके अलावा खाली पड़े पदों पर भर्ती प्रक्रिया को लेकर सभी विभाग अपने–अपने प्रस्ताव बना रहे हैं। साथ ही शासन से स्वीकृति की तैयारी में जुटे हुए हैं।

स्वच्छता ही सेवा

''स्वच्छता ही सेवा'' अभियान के तहत प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही जिले के ग्राम पंचायत बंशीताल में आज विकासखण्ड स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों द्वारा स्वच्छता दौड़, रैली, रंगोली, पेंटिग, प्रश्नोत्तरी, निबंध और कविता लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मरवाही विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची ने लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई।

उधर, जशपुर जिला और सत्र न्यायालय परिसर में आयोजित स्वच्छता अभियान में प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश मन्सूर अहमद के साथ प्रधान कुटुम्ब न्यायाधीश गीता नेवारे, जिला तथा सत्र न्यायाधीश शैलेष अच्युत पटवर्धन सहित समस्त जिला न्यायालय, परिवार न्यायालय और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारियों ने मिलकर न्यायालय परिसर में साफ–सफाई की। इसके साथ ही सभी ने स्वच्छता का संकल्प लेते हुए स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया।

इस बीच, पद्‌मश्री फूलबासन बाई ने बताया कि राजनांदगांव जिले की मां बम्लेश्वरी जनहित कार्य समिति लंबे समय से स्वच्छता के क्षेत्र में काम कर रही है, जिसमें दो लाख महिलाएं जुड़ी हैं। उन्होंने प्रदेशवासियों से स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत स्वच्छता बनाए रखने की अपील की है।

वहीं, स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण रायपुर द्वारा महादेव घाट में आज मेगा स्वच्छता अभियान का आयोजन विभिन्न संस्थानों और सरकारी संगठनों के सहयोग से किया गया। इसमें कॉलेज के विद्यार्थियों के साथ ही एनएसएस और नेहरू युवा केन्द्र के युवाओं ने आसपास के क्षेत्रों की साफ–सफाई की। इस दौरान विद्यार्थियों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई। इसके बाद विद्यार्थियों द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।

इसी तरह, 'स्वभाव स्वच्छता – संस्कार स्वच्छता' थीम पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल के सभी स्टेशनों, रेलवे परिसरों, पटरियों, कार्य क्षेत्रों तथा गाडियों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। आज जेड.आर.यू.सी.सी. के सदस्यों ने रायपुर रेलवे स्टेशन के गुढ़ियारी की ओर पौधारोपण किया। इस पौधारोपण का मुख्य उद्देश्य यात्रियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना और सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता की व्यवस्था सुनिश्चित करना था।

सैन्य प्रदर्शनी

राज्य सरकार द्वारा रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में पांच और छह अक्टूबर को सैन्य–प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। इस सैन्य–प्रदर्शनी में युद्धक टैंक टी–नाइंटी सहित बहुत से ऐसे आधुनिक और उन्नत सैन्य उपकरणों को प्रदर्शित किया जाएगा, जिसका उपयोग करके हमारी सेना ने दुश्मनों पर विजय प्राप्त की है। इस प्रदर्शनी में सैनिक पैरा जंपिंग, खुखरी डांस, डेयरडविल मोटरसाइकलिंग राइडिंग और घुड़सवारी का भी प्रदर्शन करेंगे।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि सभी इस कार्यक्रम का हिस्सा बनें, भारतीय सेना की आन–बान–शान से करीब से परिचित हों, और अपने सैनिकों का

हौसला और बुलंद करें। उन्होंने कहा कि आप सभी अपने परिवार के साथ इस प्रदर्शनी के सहभागी बनें।

<u>पोषण माह–चित्र प्रदर्शनी</u>

राष्ट्रीय पोषण माह के अवसर पर रायपुर स्थित डॉक्टर राधाबाई शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय में दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी आज से शुरू हो गई है। यह चित्र प्रदर्शनी केंद्रीय संचार ब्यूरो रायपुर द्वारा लगाई गई है। पोषण माह के अवसर पर प्रदर्शनी के साथ ही अन्य कई गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसमें महाविद्यालयीन छात्र–छात्राएं और स्थानीय नागरिक शामिल हो रहे हैं।

<u>नशा मुक्ति अभियान</u>

दुर्ग जिले के आनंद सरोवर प्रजापिता ब्रम्हकुमारी आश्रम बघेरा में नशा–मुक्त भारत अभियान के अवसर पर आज जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ सांसद विजय बघेल और विधायक गजेन्द्र यादव ने किया। इस अवसर पर उन्होंने नशा–मुक्ति प्रचार रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में सांसद ने लोगों को नशा–मुक्त राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई।

<u>सियान सम्मान–कार्यक्रम</u>

अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर कल एक अक्टूबर को सूरजपुर जिले के अग्रसेन स्टेडियम में ''सियान सम्मान'' कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल करेंगे।

<u>प्राचार्य–निलंबन</u>

जशुपर जिले के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय मनोरा के तत्कालिक प्राचार्य आर.बी. निराला को निलंबित कर दिया गया है। श्री निराला द्वारा विद्यालय में कार्यरत महिला कर्मचारियों, शिक्षिकाओं और छात्राओं के साथ अमर्यादित तथा अशोभनीय व्यवहार करने की शिकायत मिली थी। इस संबंध में सरगुजा संभाग के कमिश्नर गोविंद राम चुरेंद्र ने तत्कालीन प्राचार्य आर.बी. निराला का निलंबन आदेश जारी किया है।

<u>मौसम</u>

मौसम विभाग के अनुसार एक द्रोणिका कोंकण से दक्षिण–पूर्व मध्यप्रदेश तक बनी हुई है। इसके साथ ही प्रदेश में बंगाल की खाड़ी से नमी आ रही है। अगले चौबीस घंटों के दौरान एक–दो स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। वहीं, कुछ स्थानों पर आकाशीय बिजली गिरने की संभावना है। मौसम विभाग ने दक्षिण छत्तीसगढ में भारी बारिश होने की चेतावनी दी है।

इस बीच, स्थानीय प्रभाव से आज दोपहर राजधानी रायपुर के कुछ स्थानों में तेज बारिश हुई।

संक्षिप्त समाचार

– जाने–माने फिल्म अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। उन्हें यह पुरस्कार अगले महीने 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में प्रदान किया जाएगा।

– भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण–ट्राई ने निजी रेडियो प्रसारकों के लिए डिजिटल रेडियो प्रसारण नीति कार्यान्वयन पर एक परामर्श पत्र जारी किया है।

– जीएसटी के तहत कंपनसेशन सेस के पुनर्गठन के लिए मंत्रियों के समूह का गठन किया गया है। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी की अध्यक्षता में गठित इस समूह में छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी को सदस्य नियुक्त किया गया है।

– अग्निवीर में भर्ती के लिए हुई ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के लिए चार से बारह दिसम्बर तक रायगढ़ में भर्ती रैली का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रदेश के तैंतीस जिलों के आठ हजार पांच सौ छप्पन अभ्यर्थी शामिल होंगे।

– दुर्ग जिले की रानीतराई पुलिस ने चारपहिया एक वाहन से गांजा तस्करी करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पांच किलो से अधिक गांजा जब्त किया गया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>